# पहो पड़रिया में तेंदूए की दहशत, गांव में कर्फ्यू जैसे हालात

**खास बातें**

- बच्चों ने स्कूल जाना किया बंद
- रात में वन विभाग के तीन कर्मचारी बिना टार्च के सर्च करने पहुंचे




नवभारत न्यूज

**विदिशा 16 जनवरी, शहर सटे गांव पहो पड़रिया में पिछले तीन दिन से तेंदूए की दस्तक से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है. गांव वालों ने डर के चलते खेतों में जाना बंद कर दिया है जबकि अभी खेतों में पानी देने का समय चल रहा है.वहीं तेंदूए की दहशत इस कदर फैल चुकी है कि परिजनों ने बच्चों को स्कूल तक भेजना बंद कर दिया है.गांव वालों ने बताया कि गुरूवार की शाम 4 बजे गांव के लोगों ने गांव के आसपास तेंदूए की मूवमेंट देखी गई थी. जिसके बाद गांव में दहशत फैल गई.**

गांव वालों ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई जिसके बाद रात में वन विभाग के तीन कर्मवारी गांव में पहुंचे और गांव वालों के साथ तेंदूए का सर्च करने के लिए निकले. लेकिन वन विभाग के पास तेंदूए को पकड़ने के उपकरण तो दूर की बात थी उनके पास सर्च करने के लिए टार्च तक नहीं थी वह भी गांव वालों से ली गई. कुछ देर तक वन विभाग के कर्मचारी तेंदूए को तलाशते रहे नाकामी मिलने पर वापस आ गए. वन विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों से कहा कि सुबह जब तेंदूए के पैरों के निशान मिल जाएं तो उसकी फोटो और वीडियो बनाकर भेज देना.गांव के सरकारी स्कूल के शिक्षक ने बताया कि गांव में तेंदूए की खबर मिलने के बाद बच्चों ने स्कूल आना ही बंद कर दिया है. गांव के रहने वाले लोगों ने बताया कि वन विभाग की बेरूखी के चलते किसान अपने घरों से नहीं निकल पा रहे हैं. खेती का काम नहीं हो पा रहा है. ग्रामीणों ने आरोप लगाए कि वन विभाग के रेंजर का जब फोन लगाकर गांव बुलाया गया तो उनका जबाव था कि मंत्रीजी आ रहे हैं इसलिए गांव में नहीं आ सकते.

## पठारी में अनहोनी का इंतजार कर रहा वन विभाग, लोगों में भय व्याप्त

पठारी आंचल में तेंदुआ और बाघ होने की पुख्ता जानकारी बार बार वन विभाग को दी जा रही है.इसके बावजूद भी वन विभाग के कान पर जू नहीं रेंग रहा है.वन विभाग केवल औपचारिकता पूरी करने के लिए लोगों को इकट्ठा कर फोटो वीडियो बनाने आते हैं. लगभग पांच माह से ग्रामीण क्षेत्र में तेंदुआ होने का दावा कर रहे हैं. इसके बावजूद भी प्रशासन नहीं जाग रहा है. कभी भी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता है.

विदिशा जिले में बाघ और तेंदुआ होने का पुख्ता दावा पेश किया जा रहा है.जिसकी फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं इसके बावजूद भी प्रशासन और वन विभाग में सक्रियता नजर नहीं आ रही है. पठारी क्षेत्र में अगस्त महीने में तेंदुआ होने के पंजा के चिन्ह मिले थे.जिसकी जानकारी वन विभाग को दी गई थी. 11 सितंबर को ग्राम सत्ताखेड़ी जाजोन में बछिया का शिकार किया था. जिसको लेकर ग्रामीणों ने वन विभाग से शिकायत की थी.15 सितंबर को पठारी निवासी मनोज नामदेव को जाजोन बांध पर शाम 5 बजे रोड़ पर मिला था. जिन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से शिकायत की थी. ग्राम सूजा, सूजा मालूद, सूजा खोंगरा, बरखेड़ा, भालबमौरा, पठारी, बड़ोह क्षेत्र में नजर आया था.



### सड़क पर नज़र आए 2 तेंदुआ

एरण महोत्सव से वापस आते समय पदमयाई निवासी राजा राजपूत और उनके साथियों को चंदुली पदमयाई मार्ग पर एक साथ दो तेंदुआ नजर आए. गाड़ी में साथ चल रहे युवक पहले से ही मोबाइल से वीडियो बना रहे थे. जिनके कैमरा में दोनों ही तेंदुआ सड़क से भागते हुए कैद हो गए. वन विभाग के कर्मचारी जंगल में गस्त भी नहीं कर रहे हैं.जिससे ग्रामीणों में अधिक भय व्याप्त है. वन विभाग ने एक पिंजरा लगाया था. जिसमें उद बिलाव कैद हो गया था.

# 4,400 करोड़ की सड़क परियोजनाओं एवं ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटरों का लोकार्पण-शिलान्यास




नवभारत न्यूज

**विदिशा 16 जनरवरी**, जिले के लिए बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में शनिवार, 17 जनवरी को 4,400 करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित एवं प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं तथा ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटरों का लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह आयोजित किया जाएगा. यह भव्य कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से ओल्ड कृषि उपज मंडी ग्राउंड, विदिशा में आयोजित किया गया है. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे. इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग नितिन गडकरी तथा कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति रहेगी. साथ ही सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं लोक निर्माण विभाग, मध्य प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे. इस अवसर पर करीब 181 किलोमीटर लंबाई की 8 महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं के साथ-साथ 3 अत्याधुनिक ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटरों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाएगा.

## लोकार्पण व शिलान्यास की जाने वाली प्रमुख परियोजनाएं

अतिथियों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर जिन कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया जाएगा उनमें रातापानी वन्यजीव अभ्यारण्य क्षेत्र में अब्दुल्लागंज से इटारसी खंड का 4-लेन चौड़ीकरण, सीआरआईएफ के अंतर्गत देहगांव से बम्होरी मार्ग का लोकार्पण और जिन निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा उनमें प्रमुख परियोजनाएं तदानुसार भोपाल से विदिशा खंड का 4-लेन चौड़ीकरण,विदिशा से ग्यारसपुर खंड का 4-लेन चौड़ीकरण,ग्यारसपुर से राहतगढ़ खंड का फोर-लेन चौड़ीकरण राहतगढ़ से बेरखेड़ी खंड का 4-लेन चौड़ीकरण,सागर वेस्टर्न बायपास (ग्रीनफील्ड) का 4-लेन सड़क निर्माण,एनएच -46 के भोपाल-ब्यावरा खंड पर नरसिंहगढ़ जंक्शन, झिरनिया, हिंगोनी एवं बड़ोदिया तालाब जोड़ पर 5 अंडरपास का निर्माण शामिल हैं. कार्यक्रम के दौरान विदिशा जिले में एक एवं सागर जिले में दो आधुनिक ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटरों का भी लोकार्पण-शिलान्यास किया जाएगा इन केंद्रों से युवाओं को सुरक्षित, वैज्ञानिक एवं व्यावसायिक ड्राइविंग प्रशिक्षण मिलेगा, यह आयोजन विदिशा, सागर एवं आसपास के जिलों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा.

## सुबह शाम सर्दी का असर, दिन में धूप से राहत

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** क्षेत्र में इन दिनों सुबह एवं रात के समय अधिक सर्दी महसूस हो रही है, जबकि दिन में धूप निकलने से लोगों को राहत मिली है.क्षेत्र में इन दिनों तापमान में थोड़ी वृद्धि होने एवं दिन में धूप निकलने से लोगों को सर्दी से थोड़ी राहत मिली है. हालांकि सुबह के समय कई बार कोहरा भी दिख रहा है. क्षेत्र में बीते दिनों पड़ी सर्दी एवं कोहरे से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही थी. सर्दी से बचने के लिए लोग घरों में रहकर अधिकांश समय व्यतीत करने को मजबूर थे. लेकिन अब दिन में धूप निकलने से जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य होने लगा है. सुबह शाम बाजारों और सड़कों पर भी रौनक लौटने लगी है. जैसे-जैसे धूप तेज निकलती है. ठंड का असर कम होने लगता है. लोग धूप का आनंद लेने के लिए छतों, आंगन और खुले स्थानों पर दिखाई देते है.

## सरकार के नए नियम के कारण जिले की सैकड़ों बेटियों के हाथ नहीं हो पाएंगे पीले

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,मुख्यमंत्री कन्या दान योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में इस वर्ष सैकड़ों गरीब पात्र बेटियों के हाथ पीले नहीं हो पाएंगे. इसका कारण है मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विवाह सम्मेलनों में भाग लेने वाले वर एवं वधुओं के लिए नए माप दण्ड निर्धारित किए गए है.**

उल्लेखनीय है कि पूर्व में आयोजित होने वाले सम्मेलनों में सभी वर्गों के पात्र हितग्राहियों के लिए समान रूप से सम्मेलन में भाग लेने की पात्रता थी लेकिन इस वर्ष सरकार द्वारा मनमाना निर्णय लेते हुए हर ब्लॉक में मात्र 200 जोड़ों की संख्या और बीपीएल कार्ड अनिवार्य रूप से बधु के लिए लागू कर दिया है जिससे सैकड़ों बेटियां इस वर्ष सम्मेलनों में विवाह बंधन में नहीं बंध पाएगी जिससे उनके अभिभावकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.इस संबंध वार्ड न 4 की पार्षद श्रीमति नीलू मणि भाई अहिरवार ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि वधुओं के निर्धारित संख्या और और बीपीएल कार्ड की अनिवार्यता को तत्काल रूप से वापस लिया जाए जिससे सभी वर्गों की निर्धन कन्याओं को विवाह बंधन में बंधकर शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिल सके.

# नाले में गिरी महिला की बचाई जान

- महिला को उपचार के लिये पहुंचाया अस्पताल
- जवान के प्रयासों की लोगों ने की सराहना



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, बीती रात सिरोंज में इमलानी रोड पर एक नाले में गिरी महिला की डायल 112 पर तैनात जवान ने जान बचाई. इस दौरान उन्होंने महिला को काफी मशक्कत से नाले से बाहर निकालकर स्थानीय चिकित्सालय पहुंचाया. जहां पर महिला का उपचार किया गया.** जानकारी के अनुसार बीती रात एक महिला इमलानी रोड पर अचानक एक नाले में गिर गई. जिससे वह कीचड़ में फंस गई. जिसकी जानकारी डायल 112 पर तैनात जवान को मिलने पर उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंचकर नाले में कीचड़ में फंसी महिला को काफी मशक्कत से नाले से बाहर निकाला. जिसके बाद उन्होंने महिला को उपचार के लिए स्थानीय चिकित्सालय पहुंचाया. जहां पर महिला का उपचार किया गया. महिला ग्राम मदागन की बताई जा रही है. इस दौरान लोगों ने महिला की जान बचाने पर जवान के इस कार्य की सराहना की.

# ई एंड ई व्यापार संघ की कार्यकारिणी गठित

- 13 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन
- नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल्स व्यापार संघ सिरोंज द्वारा हाल ही में संपन्न हुए चुनावों के पश्चात संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया. इस अवसर पर एक समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई. जानकारी के अनुसार संगठन की 13 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है. साथ ही भूपेंद्र लालवानी एवं अब्दुल कवि खान को महासंघ प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है. नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष जितेंद्र जैन, मंत्री महेश नेमा, कोषाध्यक्ष मजहर खान, उपाध्यक्ष अजय दुबे एवं महेंद्र जैन, सहसचिव विक्की जैन तथा प्रचार मंत्री देवेंद्र सेन बनाये गये हैं. कार्यकारिणी सदस्य सतीश सोनी, राजधर कुशवाह, रोहित तारण, तरुण लालवानी, पवन नेमा एवं अखिल सिंघई को शामिल किया गया है. इस दौरान सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन की गरिमा बनाये रखने, व्यापारियों के हितों की रक्षा करने तथा संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया.

## रघुवंशी समाज की जिला स्तरीय बैठक कल

नवभारत नयूज

**गंजबासौदा,** रघुवंशी समाज द्वारा प्रस्तावित युवक-युवती परिचय सम्मेलन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के उद्देश्य से आयोजित की जाने वाली जिला स्तरीय तैयारी, समीक्षा एवं सुझावात्मक बैठक की तिथि में परिवर्तन किया गया है.यह बैठक पूर्व में 17 जनवरी को प्रस्तावित थी.रघुवंशी समाज के जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने बताया कि रघुवंशी धर्मशाला में आयोजित बैठक में आने वाले समाज जनों को होने वाली असुविधा को देखते हुए बैठक की तिथि में परिवर्तन किया गया है.यह बैठक 18 जनवरी (रविवार) को दोपहर 2 बजे पूर्व से ही निर्धारित स्थान रघुवंशी धर्मशाला, नया बस स्टैंड, विदिशा में आयोजित की गई है.

# मकर संक्रांति पर आयोजित हुआ प्रेरणादायक आयोजन



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर गंजबासौदा विधानसभा क्षेत्र में एक बहुत ही सुंदर और प्रेरणादायक आयोजन हुआ. विधायक हरि सिंह रघुवंशी, मंडी प्रतिनिधि तरवर सिंह रघुवंशी, अनाज तिलहन संघ के संरक्षक महेश अग्रवाल, अध्यक्ष सतीश जैन कटारे, महामंत्री अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुखजीत सिंह काके, कीर्ति ओसवाल मनोहर साहू राजेंद्र जैन किरवाय जयेश शाह शरद साहू राकेश गुप्ता सुमित अग्रवाल प्रकाश रघुवंशी मनोज मुंदडा बाबू अगरवाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने मिलकर ग्राम आदिवासी गांव गमोली ( गमाखर ) में एक यादगार कार्यक्रम आयोजित किया.**

उन्होंने ग्राम वासियों के लिए कंबल, बच्चों के लिए टोपे और लड्डू वितरित किए, जिससे सभी के चेहरे पर खुशी और मुस्कान आ गई.मनोज मुदडा द्वारा भगवान के भजन का गायन ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया.यह आयोजन दिखाता है कि कैसे जनप्रतिनिधि और स्थानीय नेता मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं और लोगों के जीवन में खुशी और उत्साह भर सकते हैं.


**नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक आज दुर्गा नगर में**



आपके जीवन को सुरक्षित रखने का उद्देश्य लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाने देहदानी विकास पचौरी विदिशा के घर-घर जाकर सभी का नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक करबा रहे हैं। आपके घर के पास सेवा वाहन आने पर कृपया सभी उम्र के बच्चे, भाई-बहन एवं बुजुर्ग अपने ब्लड ग्रुप की जाँच कराकर परिचय कार्ड बनवाकर अपने भारत देश का नाम विश्व में रौशन करने में योगदान दें।


## इंदौर में जहरीले पानी से हुई मौतों पर उपवास एवं श्रद्धांजलि

- राहुल गांधी के कार्यक्रम का प्रसारण होगा

नवभारत न्यूज

**विदिशा,**लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी शनिवार, 17 जनवरी को इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल के कारण 24 निर्दोष नागरिकों की असामयिक एवं दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु से शोकाकुल परिवारों से भेंट कर उन्हें सांत्वना एवं संवेदना व्यक्त करेंगे.इसके पश्चात राहुल गांधी प्रदेश की जनता को संबोधित करेंगे.

उक्त कार्यक्रम का प्रसारण संपूर्ण मध्यप्रदेश में स्क्रीन के माध्यम से किया जाएगा. जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता श्री अरुण अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि दूषित पेयजल जैसी गंभीर प्रशासनिक लापरवाही के कारण हुई निर्दोष नागरिकों की असामयिक मृत्यु के विरोध तथा दिवंगत नागरिकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करने के उद्देश्य से शनिवार 17 जनवरी को सुबह 11 बजे से जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, विदिशा में उपवास एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा.

## देवपुर में श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर का हुआ भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** पवित्र तीर्थक्षेत्र देवपुर में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गुरुवार को श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर का भूमिपूजन हुआ. जिसमें नगर एवं ग्रामीण अंचलों के साथ ही अन्य शहरों से साहू समाज के नागरिकों के साथ ही धर्मप्रेमी बंधु साक्षी बने. इस दौरान मंदिर में बुधवार से शुरू हुई अखंड रामायण पाठ की भी गुरुवार को पूर्णाहुति हुई. जिसके बाद श्री जगन्नाथ स्वामी जी मंदिर का साहू समाज एवं धर्मप्रेमी बंधुओं की मौजूदगी में भूमिपूजन किया गया. इस दौरान हवन, महाआरती एवं प्रसादी का भी वितरण हुआ. इस आयोजन में बड़ी संख्या में जिलेभर से साहू समाजबंधु एवं धर्मप्रेमी मौजूद रहे.

# निकाली भव्य कलश यात्रा, पुष्पों की हुई वर्षा, घर-घर उतारी आरती



नवभारत न्यूज

**पठारी,**पठार वाले श्री हनुमान मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान गंगा महायज्ञ व पंच कुंडीय श्री राम महायज्ञ एवं वैदिक सामूहिक निशुल्क विवाह के प्रथम दिवस पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया.नगर के समस्त देवस्थानों के दरबार में माता टेका एवं श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया.जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए.16 जनवरी से 23 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान गंगा जी महायज्ञ पंचकूला श्री राम महायज्ञ एवं वैदिक निशुल्क कन्या विवाह समारोह का भव्य शुभारंभ हो गया है. जिसके प्रथम दिवस नगर के मुख्य मार्गो से मंगल कलश यात्रा निकाली गई. पठार वाले श्री हनुमान मंदिर एवं श्री बड़ी माता मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर पवित्र पावन कलश यात्रा प्रारंभ हुई.श्रीमद् भागवत कथा महापुराण के मुख्य यजमान जनक रानी रमेश साहू बीना और श्री राम महायज्ञ के मुख्य यजमान प्यारे राजा राजपूत परसोरा सहित समस्त यजमान अपने सिर पर श्रीमद् भागवत कथा महापुराण और यजमान की धर्म पत्नी भगवान श्री लड्डू गोपाल जी को विराजमान किए हुए थे. वहीं रथ पर कथा वाचक बालकृष्ण दास जी महाराज, यज्ञ आचार्य नरेंद्र शास्त्री और रमेश रिछारिया विराजमान थे. इस दौरान देवेंद्र सिंह ठाकुर जैन समाज के अध्यक्ष राकेश सिंघई मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह ठाकुर मनोज नामदेव अभिलाष ठाकुर शैलेंद्र चौधरी गिर्राज किशोर दीक्षित कमलेश यादव अमित सहेले अभय सिंह यादव संजय चौहान पृथ्वी सिंह चौहान अमित शर्मा मनोज रिछारिया सरित श्रीवास्तव रितेश जैन राजेश व्यास देवेंद्र अहिरवार मुन्नालाल सोनी फूलचंद साहू सिद्धांत ठाकुर आदि श्रद्धालु मौजूद रहे.

**आयोजन** | **महाशिवरात्रि के आयोजन को लेकर तैयारी शुरू**

# बंगला घाट पर बनेगा 55 फीट ऊंचा केदारनाथ मंदिर, भूमिपूजन संपन्न



नवभारत न्यूज

**विदिशा,**महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं को केदारनाथ धाम की अनुभूति कराने के उद्देश्य से शहर के बंगला घाट पर केदारनाथ मंदिर की झांकी का निर्माण किया जाएगा. इसके तहत शुक्रवार को बंगला घाट पर भूमि पूजन हुआ. आयोजन समिति के संजय प्रजापति,सुरेन्द्र कुशवाह ने बताया की केदारनाथ मंदिर का निर्माण पश्चिम बंगाल से आए कलाकार संतोष विश्वास के मार्गदर्शन में उनकी 10 सदस्यीय टीम द्वारा भव्य केदारनाथ मंदिर की झांकी का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए बंगला घाट पर स्थायी रूप से रुकी हुई है. टीम ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा.प्रस्तावित मंदिर की कुल ऊंचाई गुम्बद सहित लगभग 55 फीट होगी. मंदिर का निर्माण केदारनाथ धाम की तर्ज पर किया जाएगा, जिसमें पारंपरिक शिल्पकला और धार्मिक वास्तुशैली का विशेष ध्यान रखा जाएगा.जिससे श्रद्धालुओं को मूल केदारनाथ धाम जैसी अनुभूति प्राप्त हो सके. मंदिर का निर्माण कार्य लगभग 25 दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा.भूमि पूजन के दौरान भगवान शिव की विधिवत आराधना की गई और मंदिर निर्माण के सफल एवं निर्विघ्न पूर्ण होने की कामना की गई.भूमि पूजन में भाजपा नेता राकेश शर्मा, संजय पुरोहित,नारायण प्रसाद शर्मा, भावताचार्य रविकृष्ण शास्त्री, समाज सेवी सचिन तिवारी आयोजन समिति के संजय प्रजापति सुरेन्द्र कुशवाह,तरुण शर्मा,पंकज रघुवंशी,पवन नामदेव,देव सनोटिया, हेमंत दुबे, गौरव सेन,सौरभ कुशवाह, दीपेश प्रजापति,पंकज शर्मा, हेमंत नामदेव,जय प्रजापति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे.

# सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

- भव्य कलश यात्रा निकाली गई , महाकाल की पालकी बनी आकर्षण का केंद्र

नवभारत न्यूज

**शमशाबाद,बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ.कथा के प्रथम दिवस हनुमान मंदिर पुरानी तहसील से कलश यात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बाबा रामदेव मंदिर कथा स्थल पर पहुंची.कलश यात्रा का नगरवासियों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा, आरती एवं स्वागत कर भव्य अभिनंदन किया गया.**

यात्रा में छोटी-छोटी कन्याएं सिर पर कलश धारण किए चल रही थीं, वहीं डीजे, ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ, रामदेव बाबा एवं जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे.विशेष आकर्षण के रूप में महाकाल की पालकी को फूल-मालाओं से सजाकर बाबा महाकाल को विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही.कलश यात्रा के बाबा रामदेव मंदिर पहुंचने पर विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया.कथा भारत राष्ट्र गौरव से सम्मानित भगवताचार्य एवं ज्योतिषाचार्य डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से संपन्न होगी.इस अवसर पर सुठालिया पीठ के 1008 बालक नाथ जी महाराज, बाबा रामदेव मंदिर के पुजारी पंडित गौरीशंकर शर्मा, पूर्व विधायक रुद्र प्रताप सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी सहित सत्यनारायण अग्रवाल, गोपाल माहेश्वरी, किशन सिंह राजपूत, कमलेश सेन, प्रकाश आर्य, कुलदीप रत्नाकर एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु कलश यात्रा में उपस्थित रहे.